न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, शाहपुरा जिला जयपुर

प्रार्थना पत्र संख्या..17/2021

तहसीलदार शाहपुरा बनाम बद्री वगैहर

अन्तर्गत धारा 131, 132 एल आर एक्ट 1956

निर्णय दिनांक 13-1-22

उप तहसीलदार अमरसर के द्वारा दिनांक 29.10.2021 एवं संलग्न मौका निरीक्षण रिपोर्ट, एवं नजरी नक्शा ट्रेस के अनुसार ग्राम करीरी तहसील शाहपुरा के खसरा नम्बरान 1638 रकबा 0.25 है0 में से 0.005 है0, 1634 रकबा 0.205 है0 में से 0.010 है0, 1626 रकबा 0.418 है0 में से 0.035 है0 व 1627 रकबा 0.44 है0 में से 0.030 है0 भूमि पर मौके पर चालू आम रास्ता विधमान है जिसकी मौके अनुसार रिकार्ड में किस्म रास्ता दर्ज करने का प्रस्ताव उप तहसीलदार अमरसर से प्राप्त हुआ है। उक्त प्रस्ताव प्राप्त होने पर हितबद्व व्यक्तियों को सुनवाई हेतु नोटिस जारी कर दिनांक 29.11.2021 को न्याय आपके द्वार कैम्प मुरलीपुरा में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। आपत्ति हेतु श्री किशनलाल पुत्र गुल्ला अहीर ने उपस्थित होकर आपत्ति पेश की कि मेरी भूमि का रकबा कम नहीं किया जावे चूंकि प्रकरण में खातेदारी का रकबा किसी का कम नहीं किया जा रहा है तथा मौके पर गैर कृषि कार्य जो रास्ते में काम आ रहा है को ही राजस्व नक्शा व रिकार्ड में किस्म दर्ज किया जाता है इस प्रकार आपत्तिकर्ता की आपत्ति मौके पर गैर कृषि कार्य होने के कारण खारिज की जाती है तथा अन्य कोई अप्रार्थी बावजूद सूचना के कोई भी हितबद्व व्यक्ति/खातेदारान द्वारा ना तो कार्यालय उपस्थित आये ना ही कोई आपत्ति प्रस्तुत की। रिपोर्ट उप तहसीलदार अमरसर, सरपंच ग्राम पंचायत करीरी के अवलोकन से मौके पर स्थाई रूप से चालू रास्ते का समाधान होने पर प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित है।

अतः राज0 भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131 व 132 राज0 भू-राजस्व (भू-अभिलेख) नियम 1957 के नियम 58, 59, 60, 60 H, 66 व 86 एवं राजस्व (ग्रुप-6) विभाग राजस्थान सरकार के परिपत्र क्रमांकःप3(2)राज-6/2003/पाद्व दिनांक 10.08.2016 के अनुसरण में ग्राम करीरी तहसील शाहपुरा के खसरा नम्बरान 1638 रकबा 0.25 है0 में से 0.005 है0, 1634 रकबा 0.205 है0 में से 0.010 है0, 1626 रकबा 0.418 है0 में से 0.035 है0 व 1627 रकबा 0.44 है0 में से 0.030 है0 निजी खातेदारी में से (मुताबिक नजरी नक्शा ट्रेस) भूमि की किस्म गै.मु.रास्ता दर्ज करने का आदेश दिया जाता है। मुताबिक आदेश एवं प्रस्तावित नजरी नक्शा रास्ते की नक्शा ट्रेस में तरमीम संशोधन की जावे।

(मनमोहन)
उपखण्ड अधिकारी
शाहपुरा (जयपुर)

क्रमांकःराजस्व/2022/ 26-27 दिनांक : 13-1-22

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. उप तहसीलदार अमरसर को पालनार्थ।
2. रक्षित पत्रावली।

(मनमोहन)
उपखण्ड अधिकारी
शाहपुरा (जयपुर)